| Published Date: | 28 Jul 2023 | Publication: | Dainik Bhaskar (Hindi) [Lucknow] |
|---|---|---|---|
| Journalist: | Bureau | Page No: | 11 |
| MAV/CCM: | 11,208/14.01 | Circulation: | 50,050 |


## इमामी एग्रोटेक ने अपने खाद्य तेल ब्रैंड्स हेल्दी एंड टेस्टी और हिमानी बेस्ट चॉइस के एमआरपी में 35 से 40 प्रतिशत की कटौती की

**कोलकाता।** इमामी एग्रोटेक लिमिटेड, इमामी ग्रुप की खाद्य तेल एवं खाद्य-निर्माण इकाई,
ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दामों में आई गिरावट का लाभ अपने उपभोक्ताओं तक
पहुंचाया है। कंपनी ने अपने लोकप्रिय खाद्य तेल ब्रैंड्स इमामी हेल्दी एंड टेस्टी और
हिमानी बेस्ट चॉइस की एमआरपी में कटौती की है। जुलाई 2022 से लगातार 12 महीनों
1 की अवधि में खाद्य तेलों की कीमतें 35-40 प्रतिशत तक घटाई गई हैं। कंपनी अपने
लोकप्रिय कंज्यूमर पैक में एमआरपी बदलावों पर पूरी नजर रखती है। इन पैक में हेल्दी
एंड टेस्टी के मस्टीर्ड, सोयाबीन, राइस ब्रैन और सनफ्लॉकवर वैरिएंट्स और हिमानी
बेस्ट चॉइस के सोयाबीन एवं पामोलिन वैरिएंट्स के खाद्य तेल शामिल हैं। इमामी एग्रोटेक
लिमिटेड के सीईओ श्री सुधाकर देसाई ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत 24-
25 मिलियन टन (एमटी) की अपनी सालाना खाद्य तेलों की खपत का करीब 56 फीसदी
आयात करता है। पिछले 12 महीनों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में काफी गिरावट
आई है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट होने के नाते, कमोडिटी की कीमतों में इस सुधार को
देखते हुये हम अपने सभी खाद्य तेलों, सोयाबीन, पाम ऑयल और सनफ्लॉनवर ऑयल
के दाम में कटौती कर रहे हैं। पिछले एक साल में, एमआरपी में गिरावट 35 से 40
फीसदी के बीच रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहद जरूरी राहत मिली।